संक्षिप्त

अमित शर्मा बने वरिष्ठ जिलाध्यक्ष

झुंझुनूं । जिले के चिडावा के मूल निवासी तथा वर्तमान सिंघाना निवासी वास्तु ज्योतिषाचार्य अमित शर्मा को सर्व ब्राह्मण एकता मंच के राष्ट्रीय संयोजक अशोक शर्मा एवं सह संयोजक अनिल जैमन की अनुशंसा पर सर्व ब्राह्मण एकता मंच झुंझुनू के वरिष्ठ जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। अमित शर्मा की नियुक्ति होते ही सर्व ब्राह्मण समाज के विप्र बंधुओं में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई प्रेषित की। इससे अवसर पर युवा जिलाध्यक्ष राहुल मिश्रा मंडावा, जिला उपाध्यक्ष भरत शर्मा, महामंत्री गौरव माटोलिया, मनोज सहल, मोहित शर्मा, संजय शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी जुगलकिशोर शास्त्री पाटोदा ने हार्दिक बधाई प्रेषित की। जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया और ब्राह्मण समाज सेवा के कार्यों को समर्पण भाव से करने का भरोसा दिलाया।

वार मेमोरियल का शिलान्यास समारोह

लक्ष्मनगढ शेखावाटी । यहां राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित नेचर पार्क के पास वार मेमोरियल (युद्ध स्मारक) का भव्य शिलान्यास समारोह का सोमवार 17 नवंबर को होगा । यह जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक वेल्फेयर समिति के संयोजक कैप्टेन शिवराम सिंह ख्यालिया ने बताया कि यह अवसर न केवल लक्ष्मणगढ तहसील के लिए, बल्कि सम्पूर्ण राजस्थान के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमोद तिवारी सांसद एवं उपनेता राज्यसभा व स्थानीय विधायक गोविंद सिंह डोटासरा अध्यक्ष राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी के द्वारा शिलान्यास की आधारशिला रखी जाएगी। कैप्टेन ख्यालिया ने बताया कि यह विशेष उल्लेखनीय उपलब्धि है कि राजस्थान में लक्ष्मणगढ पहली तहसील बन रही है जहाँ वार मेमोरियल का निर्माण प्रारंभ होने जा रहा है। यह स्मारक उन अमर शहीदों को समर्पित होगा जिन्होंने भारत माता की रक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति, त्याग और वीरता की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने बताया कि उक्त आयोजन नगरपालिका द्वारा, पूर्व सैनिक वेल्फेयर समिति लक्ष्मणगढ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। समिति ने इस स्मारक के निर्माण हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इसे सैनिकों तथा उनके परिवारों के सम्मान का प्रतीक माना जा रहा है।

शिविर में 43 रोगी हुए लाभान्वित

गुलाबपुरा (निसं)। स्थानीय श्री प्राज्ञ मिर्गी रोग निवारक समिति द्वारा माह के तृतीय रविवार को संस्था परिसर में शिविर लगाया गया। संस्था के मंत्री पदम चंद खटोड़ ने बताया की शिविर में राजस्थान हॉस्पिटल जयपुर के वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन डॉक्टर विक्रम बोहरा ने अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए 43 मरीजों को, जिनमें 8 मरीज नए आए, जिनको सेवा प्रदान की एवं निशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर में अनिल चौधरी ने मरीजों को मृगी रोग से बचाव व योग के बारे में विस्तार से समझाते हुए योगा नियमित रूप से करने पर जोर दिया। मंत्री पदमचंद खटोड ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी, अध्यक्ष घेवर चंद श्रीमाल ने आभार व्यक्त किया। बुधाराम ने सभी मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामना दी। लाभार्थी परिवार से अनूप, सरोज, परमा, अनिता, मीनाक्षी भी उपस्थित रहे।

सहकार आंदोलन के मूल सिद्धांत-आत्म सहायता

कोटा, (निसं)। कोटा सहकारी भूमि विकास बैंक, कोटा की ओर से 14 से 20 नवंबर 2025 तक आयोजित 72वें अखिल भारतीय सहकार सप्ताह के दौरान सहकारिता आंदोलन की उपयोगिता, उसके सिद्धांतों तथा ग्रामीण विकास में सहकारी संस्थाओं की भूमिका पर विस्तृत विचार-विमर्श बैंक अध्यक्ष चैनसिंह की अध्यक्षता में किया गया। सप्ताहभर चले कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक संरचना में सहकारी समितियों के महत्व को रेखांकित करना और समाज के विभिन्न वर्गों में सहकारिता की भावना को मजबूत करना रहा। संगोष्ठि में उपरजिस्ट्रार सहकारी समिति राजेश मीणा, संचालक डॉ.प्राची दीक्षित, निहाल सिंह राठौड़, जगदीश प्रसाद मीणा, बैंक सचिव व उपरजिस्ट्रार ऋतु सपरा को सहकारिता एवं बैंक के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे। वक्ताओं ने सहकार आंदोलन के मूल सिद्धांत-आत्म सहायता, आत्मनिर्भरता, लोकतंत्र, समानता, समता और एकजुटता को ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

गलघोटू जैसी बीमारी से पांच दिनों में 11 पशुओं की मौत

झुंझुनूं । जिले के नवलगढ़ क्षेत्र के भगेरा गांव के समीप पनियों की ढाणी में एक गलघोटू जैसी बीमारी से पिछले पांच दिनों में 11 पशुओं की मौत हो गई। जिसके बाद पशुपालकों में अपने अपने पशुओं को लेकर डर का माहौल है। वहीं 16 पशुओं को और इसी बीमारी ने अपनी चपेट में ले लिया है। जानकारी के अनुसार ढाणी के अनिल कुमार ढाका दूध का व्यवसाय बढ़ाने के लिए हरियाणा से मूर नस्ल की 25 पाडिया खरीदकर लाए थे। पहली बार 11 नवंबर को सुबह दो पाडियों को अचानक बुखार आया। इसके कुछ देर बाद मुंह में झाग आए और अचानक ही पाडियो ने जोर जोर से सांस लेना शुरू कर दिया। देखते ही देखते दो पाडियों ने दम तोड़ दिया। यह सिलसिला लगातार पांच दिनों से चल रहा है। जिसके चलते अनिल कुमार ढाका की 10 पाडियों की मौत हो गई। वहीं इनके पड़ोसी मनीराम की एक पाडी की भी इसी बीमारी से मौत हो गई है। प्रारंभिक तौर पर पशु चिकित्सक इसे गलघोटू नामक बीमारी से ही जोड़कर देख रहे है। लेकिन किसान परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। अनिल कुमार ढाका की पत्नी कविता के आंसू रूक नहीं रहे है। उन्होंने कहा कि वे बच्चों की तरह इन्हें पाल रही थी। अब बीमार हो गई। लाखों रूपए खर्च कर दिए। लेकिन कुल 26 पाडियों में 10 मर गई। तो वही शेष 16 की हालत भी गंभीर बनी हुई है। नवलगढ़ के डॉ. संतकुमार, कारी के डॉ. प्रतीक सैनी, जाखल के डॉ. नवनीत रोहिला व निवाई के डॉ. शशिकांत ने पाडियों का पोस्टमार्टम किया। नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने मौके पर पहुंचे और किसान को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

महिला संवर्ग संगोष्ठी का आयोजन

रतनगढ़(निसं)स्थानीय संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा रतनगढ़ द्वारा महिला संवर्ग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में जिला संगठन मंत्री अन्नम भारद्वाज, पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पुष्पा वर्मा, मुख्य वक्ता विशाखा इन्दोरिया मंचस्थ थी। कार्यक्रम में अतिथियों का माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री भारद्वाज ने संगठन, कर्तव्य बोध, महिलाओं की संगठन में भूमिका पर विस्तार से बताया। पूर्व सीबीओ वर्मा व अंजू शर्मा ने वर्तमान परिपेक्ष्य में महिलाओं की भूमिका के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता विशाखा इन्दोरिया ने स्वतंत्रता सेनानी रानी अब्बक्का के जीवन परिचय व संघर्ष के बारे में उपस्थित महिलाओ को जानकारी दी। कार्यक्रम संचालन जिला महिला शिक्षक प्रतिनिधि अंजू चौहान ने किया। इस अवसर पर महिला मंत्री उर्मिला शर्मा, रमा खैरवाल, सरोज नोहाल, अनुपमा, सुधा शर्मा, मीनाक्षी, सरला वैष्णव, सरोज महला, वंदना पोद्दार सहित अनेक महिला शिक्षिका उपस्थित थी।

सीडीईओ शर्मा ने कार्यग्रहण किया

झुंझुनूं । मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी झुंझुनूं पद पर नव पदोन्नत उप निदेशक अशोक कुमार शर्मा ने कार्यग्रहण किया। कार्यठाहण उपरांत शर्मा ने कहा कि नवाचारों के साथ शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, गुणात्मक शिक्षा, विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास प्राथमिकता रहेगी। समाजसेवी जगदेव जानूं ने कार्यालय विकास के लिए 11 हजार रुपए एवं शर्मा ने स्वयं 11 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर समाजसेवी जगदेव जानूं, महेश जीनगर, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक संतोष सोहू, सीबीईओ चिडावा उमादत्त झाझडिया, नवलगढ़ आत्माराम, जिला साक्षरता अधिकारी योगेंद्रसिंह, एसीबीईओ महेंद्रकुमार सैनी, दामोदरप्रसाद जांगिड, कुलदीप पूनियां, एपीसी राजबाला खीचड़, सुरभि गुप्ता, विनोद शर्मा, सुशील रामूका, राकेश ढाका, सुशील दाधीच, समाजसेवी शिवचरण पुरोहित, महावीर इंटरनेशनल के श्यामसुंदर जालान मय टीम, शिक्षाविद मनोज दाधीच, सज्जन शर्मा, पूर्व एडीईओ रविन्द्र कृष्णियां सहित काफी संख्या में कर्मचारी अधिकारी एवं कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

सामूहिक कन्यादान समारोह 30 दिसंबर को

अजमेर (निसं)। स्वामी हिरदाराम साहिब की प्रेरणा से सांई बाबा मंदिर अजमेर, ताराचंद हुंदल दास खानचंदानी सेवा संस्था श्री अमरापुर सेवा घर, सिंधी समाज महासमिति, सिंधी लेडीज क्लब व मास्टर वासुदेव मंघानी सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय श्री झूलेलाल सामूहिक कन्यादान समारोह का आयोजन सांई बाबा मंदिर, अजय नगर में मंगलवार, 30 दिसंबर, 2025 को प्रात: 9 बजे से सायं 5:30 बजे तक होगा। इसके लिए रसोई बैंक्वेट हॉल, स्वामी कॉम्पलेक्स में कन्या व वर पक्ष के परिवारों को विवाह हेतु विधि विधान व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि इस अवसर पर सिंध से चले आ रहे रीति-रिवाजों पर जानकारी दी गई और डिख, बारात भ्रमण, फेरे व आशीर्वाद समारोह में आवश्यक परंपराओं की जानकारी पंडितों द्वारा दी गई। मेहमानों के देशभर से आने की जानकारी ली गई व संस्था द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को साझा किया।इसके अतिरिक्त कन्या की अंगूठी, चैन, लहंगे, ड्रेस, सैंडिल, चूंडियों व मोजड़ी तथा वर के लिए जोधपुरी सूट, शर्ट, जूते व अन्य नाप अनुभवी वेडर्स द्वारा ली गई। समिति के सह-संयोजक हरी चंदनानी ने बताया कि अप्रवासी भारतीय सुरेश के.लाल, महेश तेजवानी, रामचन्द्र गुलाबानी व अप्रवासी अमोलक खानचंदानी यू.एस.ए. व भामाशाहों के सहयोग से यह कन्यादान समारोह संत-महात्माओं के आशीर्वाद व विद्धान पंडितों द्वारा संपादित किया जायेगा।

कॉमेडियन बनवारीलाल और अनिल खारिया झुंझुनूं आए

झुंझुनूं । शेखावाटी के प्रसिद्ध कॉमेडियन बनवारीलाल, अनिल खारिया और ओमलो सहित अन्य कलाकार झुंझुनूं पहुंचे। उन्होंने यहां पर एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

■ शेखावाटी में काफी कलाकार, सरकार फिल्मों की दिशा में करे पहल- बनवारीलाल

झुंझुनूं पहुंचने पर होटल व्यवसायी मुकेश जांगिड और अभिलाष जांगिड ने सभी कलाकारों का स्वागत किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कॉमेडियन बनवारीलाल ने झुंझुनूं से जुडी अपनी यादें ताजा की और बताया कि उन्होंने 1999 से लेकर 2008 तक झुंझुनूं के ही पेट्रोल पंप पर काम किया है। अभी भी झुंझुनूं से उनके सोशल मीडिया वीडियो पर खूब प्यार मिलता है। उन्होंने मारवाड़ी भाषा की फिल्मों की वकालत करते हुए कहा कि सरकार को इस दिशा में पहल करनी चाहिए। शेखावाटी में ऐसे काफी कलाकार है। जो एक कॉमेडियन के साथ-साथ पारिवारिक फिल्मों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते है। लेकिन उन्हें सही दिशा और सहयोग सरकार को ही देना होगा। चुनाव मैदान में कूदने के सवाल पर कॉमेडियन बनवारीलाल ने साफ इंकार किया। उन्होंने कहा कि वे चुनाव से कोसों दूर है। क्योंकि चुनाव लड़ने पर एक पक्ष राजी और एक पक्ष नाराज होता है। इसलिए वे भगवान से सिर्फ यही कामना करते है कि उन्हें इतनी ताकत दे कि वे बिना चुनाव लड़े ही जनसेवा कर सके। झुंझुनूं के युवाओं को उन्होंने नशा ना करने की नसीहत दी और कहा कि झुंझुनूं का नाम सेना और पढाई में सबसे उपर लिया जाता है। इसलिए यहां के युवा इस नाम को रोशन करे। किसी के साथ होड़ में या बहकावे में आकर नशा ना करे। नशा उनके भविष्य को बर्बाद कर देगा। इस मौके पर कॉमेडियनों के साथ सेल्फी लेने वालों की भी होड़ मची रही।

नए थाना प्रभारी रामनारायण चोयल ने संभाला पद

मंडावा । जिले में सभी थानो में हुए बदलाव की प्रक्रिया में मंडावा थाना प्रभारी रामनिवास का भी स्थानान्तरण हुआ। थाना प्रभारी रहे रामनिवास के सौम्य स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण लोगों और थाना परिवार सदस्यों में काफी प्रभाव था। उनके स्थानान्तरण पर मंडावा भाने में भव्य विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। थाना सदस्यों सहित कस्बे के गणमान्यजनों ने उन्हे साफा, शॉल, श्रीफल, माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में डीएसपी हरिसिंह धायल और नये थानाधिकारी रामनारायण चोयल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नए थानाधिकारी ने अपनी जिम्मेदारी संभालते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने बताया कि कानून का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। आम जनता को सुरक्षा और सहयोग का भी भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस थाने में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा और बेहतर व्यवहार कर उनका

■ थाना सदस्यों सहित कस्बे के गणमान्यजनों ने उन्हे साफा, शॉल, श्रीफल, माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया गया

समाधान करने का पूरा प्रयास भी किया जाएगा। रात्रि में गश्त बढाई जाएगी। जिससे अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, भाजपा प्रवक्ता संदीप शर्मा, धर्मपाल, शिक्षाविद हरलाल मोगा, महेश गढ़वाल, मुलायमसिंह, सुरेंद्र नेहरा, राजेश कुलहरि, महाबीरसिंह, धर्मपाल, पपेंद्रसिंह, शकील, उस्मान, सुरेंद्र पूनियां, सज्जन पूनियां, संजय मील, महेंद्र कुमार, नेमीचंद, संदीपकुमार, संपत्तदेवी, अनिता, सरोज, पूनम, शीशराम बुरडक, हजरत मोहम्मद, आमीन कारी, संजय परिहार, ज्ञानचंद कुमावत, उमेश, अमरसिंह, राजेश कुमार सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

स्काउटिंग का महाकुंभ लखनऊ में19वी राष्ट्रीय जम्बूरी

ब्यावर(निसं)। भारत स्काउट व गाइड प्रत्येक चार वर्षों में राष्ट्रीय जम्बूरी का आयोजन करता हैं। संस्कृति के आदान-प्रदान, सेवा भावना और नेतृत्व विकास, पर्यावरण जागरूकता, वैश्विक मित्रता को बढावा देना एंव शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के उद्देश्य को लेकर जम्बूरी आयोजित की जाती हैं। भारत में प्रथम राष्ट्रीय जम्बूरी सन 1953 हैदराबाद में आयोजित हुई। 18वी राष्ट्रीय जम्बूरी रोहट, पाली राजस्थान में आयोजित की गई। 19वी राष्ट्रीय जम्बूरी लखनऊ उत्तरप्रदेश में 23 से 29 नवम्बर 2025 तक आयोजित होगी। भारत स्काउट व गाइड के सहायक लीडर ट्रेनर सुरेश चन्द फुलवारी ने बताया कि भारत स्काउट व गाइड डायमंड जुबली ठाण्ड फिनाले 19वी राष्ट्रीय जम्बूरी, डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, सेक्टर 15, वृन्दावन योजना, लखनऊ, उत्तरप्रदेश में आयोजित होगी। इस जम्बूरी में पुरे देश से लगभग बतीस से तेतीस हजार स्काउट गाइड सम्मिलित होंगे। इसमें से लगभग नौ हजार स्काउट गाइड मेजबान राज्य उतरप्रदेश के होंगे।

विफा के फिजियोथैरेपी कैंप में 54 मरीज हुए लाभान्वित

निशुल्क चिकित्सा शिविरों से मिलती है आमजन को राहत- कौशल्या बिश्नोई

झुंझुनूं । स्थानीय इंदिरा नगर में रविवार को विप्र फाउंडेशन महिला जिला संगठन के तत्वावधान में आयोजित फिजियोथैरेपी निशुल्क चिकित्सा शिविर में 54 मरीजों को व्यायाम व आधुनिक मशीनों के उपचार से लाभ मिला। जानकारी देते हुए संगठन की जिलाध्यक्ष ममता शर्मा व पूनम शर्मा ने बताया कि विप्र फाउंडेशन प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आशा शर्मा व शिक्षाविद सुधा शर्मा के मार्गदर्शन में रविवार को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक एक निशुल्क फिजियोथैरेपी कैंप का आयोजन इंदिरा नगर स्थित सुभाष मार्ग बी 115 बेसमेंट में किया गया। जिसका उद्घाटन भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर फीता काटकर झुंझुनूं एसडीएम कौशल्या बिशनोई, विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, विप्र फाउंडेशन जिला संयोजक उमाशंकर महमिया व पार्षद कुलदीप पूनियां, एडवोकेट सुशील जोशी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी कौशल्या बिश्नोई ने कहा कि इस प्रकार के निशुल्क चिकित्सा शिविरों से जरूरतमंद व आमजन को राहत मिलती है। फिजियोथैरेपी के माध्यम से दर्द से पीड़ित कई पुराने रोगियों को उपचार मिलता है। शिविर में पिलानी के सुप्रसिद्ध डॉ. जितेंद्र मौर्य के नेतृत्व में उनकी अनुभवी टीम डॉ. विकास व डॉ. ममता द्वारा सेवाएं दी गई व 54 रोगियों का व्यायाम और आधुनिक मशीनों से उपचार किया गया। शिविर के प्रारंभ में फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा उपखंड अधिकारी और उपस्थित अतिथियों का माला, दुपट्टा व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। शिविर संयोजक शिक्षाविद् पूनम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में निशुल्क सर्वाइकल, घुटना दर्द, फ्रोजन शोल्डर, टेनिस एल्बो, कंधा दर्द ,कमर दर्द, पैरों में दर्द, सूनापन एवं रिंगण बाय जैसे रोगों के लिए फिजियोथैरेपी की सेवाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, श्यामसुंदर शर्मा, डॉ. शशि मरोलिया, सुनीता रुंथला, रेणु चोटिया, सुमित्रा चौबे, एडवोकेट अंजू शर्मा, सियाराम शर्मा, डॉ. नीरू खींचा, शकुंतला शर्मा, अनिल चोटिया सहित ने शिविर में व्यवस्था में अपना योगदान दिया।

अजमेर दक्षिण में 71 लाख से होंगे विकास कार्य: विधायक भदेल

अजमेर शहर(निसं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल द्वारा विकास कार्यों को निरंतर गति प्रदान करते हुए रविवार को वार्ड नम्बर 55 जे.पी. नगर, नाका मदार क्षेत्र में रिटेनिंग वॉल एवं सड़क चौड़ीकरण तथा सेक्टर-1, टेम्पो स्टेण्ड के ऊपर क्वार्टर के पास सीसी सडक का निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। क्षेत्रवासियों द्वारा इस वॉल एवं सड़क निर्माण की काफी समय से मांग की जा रही थी। ये कार्य 56 लाख रुपए की लागत से करवाए जायेगें।

विधायक भदेल द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि नाका मदार के जे.पी. नगर क्षेत्र में रिटेनिंग वॉल के निर्माण की काफी समय से मांग चल रही थी। बरसात के समय पहाड़ी से पानी के बहाव के साथ मिट्टी का कटाव होता रहता था तथा पहाड़ से पत्थर, मलबा आदि खसककर सीधा सडक पर आ जाता था। पहाड के समीप कोई सुरक्षा दीवार नहीं होने से बरसात का पानी तेज बहाव के साथ यहां बने मकानों में घुस जाता है। रात्रि के समय स्थिति और अधिक दयनीय हो जाती थी। सडक पर पहाड़ से सरककर पत्थर आने से राहगीरों एवं वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका भी हमेशा बनी रहती थी। इस दीवार के निर्माण ये इन समस्याओं का स्थायी समाधान हो जायेगा। पहाडी क्षेत्र से जो कचरा आदि सडक व घरों में आ जाता था, वह भी दीवार से रूक जायेगा। यह रिटेनिंग वॉल इस पहाडी के कुछ हिस्से को काटकर खड़ी की जायेगी ताकि सडक़ भी चौड़ी हो सकें। उन्होंने अवगत करवाया कि इस सडक के सकड़ा होने के कारण कई बार आपात स्थिति में एम्बुलेंस आदि घरों तक नहीं पहुंच पाती थी, जिससे मरीज व उसके परिजनों को काफी परेशानियां होती थी। लेकिन यहां की सड़क चौडी हो जाने से यातायात भी सुगम होगा और आपात स्थिति में वाहन घर तक पहुंच पायेगें। यह दीवार करीब 170 मीटर लम्बी बनेगी, जिसकी लागत 38.40 लाख रुपए आएगी। विधायक भदेल द्वारा क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि हमें भी साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए। जिस प्रकार हम अपने घरों को साफ रखते है, उसी प्रकार हमें अपनी गली, मोहल्ले, क्षेत्र आदि को साफ रखना चाहिए। घरों का कचरा हमें इधर-उधर, खाली प्लॉट, बगीचे नाले-नाली आदि में नहीं फेंकना चाहिए। नगर निगम द्वारा संचालित कचरा लेने हेतु वाहन आते है, उसमें ही हमें अपने घरों का कचरा सावधानीपूर्वक डालना चाहिए। ताकि सडक़ पर कचरा न बिखरें।17.50 लाख से जे.पी.नगर सेक्टर-1 में गलियां का होगा निर्माण: विधायक भदेल द्वारा जे.पी. नगर सेक्टर-1, क्वार्टर के पास की चारों गलिया में सीसी सडक़े निर्माण का शिलान्यास करते हुए कहा कि ये गलियां काफी समय से क्षितग्रस्त हो गई थी। जिससे इस क्षेत्र के निवासियों को आने-जाने में काफी समस्या आ रही थी। 3क्षेत्रवासियों एवं जनप्रतिनिधि द्वारा इन गलियों के निर्माण बाबत बार-बार आग्रह किया जा रहा था। अब इन गलियों में सी.सी. सडक बनाई जायेगी। यह सीसी सडक 300 मीटर लम्बी होकर 17.50 रूपए की लागत से बनाई जायेगी। जिससे आवागमन काफी सुविधाजनक हो जायेगा।

इस मौके पर नगर परिषद के पूर्व सभापति सुरेन्द्र सिंह शेखावत, शहर जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह जादौन, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा गोस्वामी, पार्षद अंजना शेखावत, महामंत्री रोहित सोगरा, महामंत्री संदीप माखीजानी, मंत्री राजेश भाटी, मंजू शर्मा, रेनू शर्मा, जयसिंह भाटी, देवेन्द्र कुमार, माणकचंद, अभिषेक, निर्मल, किशन, जितेन्द्र टांक, भावना शर्मा, विक्रम सिंह शेखावत, जगदीश यादव, महावीर सिंह, नकुल, दिनेश गुप्ता, नैनी, रोशन तंवर, चंदू गुर्जर, सुरेंद्र गुर्जर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महर्षि दयानंद बालिका विज्ञान महाविद्यालय का 40वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न

झुंझुनूं । बालिका शिक्षा के लिए राजस्थान भर में प्रख्यात मंडावा मोड़ झुंझुनूं स्थित महर्षि दयानंद बालिका विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता अमेरिका प्रवासी रामस्वरूप आर्य द्वारा की गई। संतोष आर्य, कार्यवाह अध्यक्ष ओमप्रकाश केजडीवाल, मूलसिंह झाझडिया एवं दयाराम महरिया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। करोडपति फकीर एवं प्रसिद्ध भामाशाह डॉ. घासीराम वर्मा व . रुक्मिणी देवी के सानिध्य में हुए कार्यक्रम में संस्था सचिव डॉ. हनुमान प्रसाद ने संस्थान का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा प्राचार्य डॉ. रामस्वरूप जाखड ने महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शिक्षाविद हरिराम महण, डीवी शास्त्री, सतीश कुलहरि, मनफूल बिजारणियां, कुंभाराम डोगीवाल, सुरेश जाखड, ताराचंद गुप्ता, कॉमरेड शीशराम, पितराम गोदारा, फूलचंद ढेवा, रामकुमार बेनीवाल, अमीलाल मूंड, रामनिवास ताखर, पवन कडवासरा, विद्या बेनीवाल, सुनिता जानूं, बिमला ढाका, सुशीला श्योराण आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाली एमएससी फाइनल गणित में कोमल पुत्री सुमेर सिंह, एमएससी फाइनल जन्तु विज्ञान में आयशा टेलर पुत्री सुनिल टेलर, एमएससी फाइनल रसायन विज्ञान लवी शर्मा पुत्री अशोक कुमार शर्मा एवं बीएससी में मनीषा पुत्री अजीत सिंह सहित विभिन्न कक्षा वर्गों में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानी रणमल सिंह स्मृति संस्थान सीकर द्वारा डॉ वर्मा का शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं 21000 रूपए का चैक प्रदान कर अभिनंदन किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष रामस्वरूप आर्य ने उपस्थित बालिकाओं को सामाजिक सरोकारों में भाग लेते हुए किसी एक व्यक्ति के जीवन निर्माण हेतु संकल्पित करवाया। कार्यक्रम को मूलसिंह झाझडिया तथा दयाराम महरिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की विकास यात्रा में सहयोग करने वाले सभी भामाशाहों का सम्मान किया गया। विजय गोपाल मोटसरा ने समस्त अतिथियों सहित उपस्थित जन समूह का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। उद्घोषक मूलचंद झाझडिया ने कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया। इस अवसर पर झुंझुनूं जनपद के गणमान्य नागरिकों के साथ महाविद्यालय स्टाफ, डॉ. घासीराम सेवा समिति के सदस्य गण एवं बडी संख्या में महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित थी।

सार-समाचार

राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का द्वितीय एक दिवसीय शिविर आयोजित

झुंझुनूं,। मोरारका राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों द्वारा द्वितीय एकदिवसीय शिविर का सफल आयोजन रविवार को किया गया। स्वयंसेवकों ने सामाजिक उत्तरदायित्व, श्रमदान, जागरूकता एवं बौद्धिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस एकदिवसीय शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सिंह व प्रो. मंजू चौधरी जिनके नेतृत्व में दान अभियान चलाया गया। प्रथम सत्र में दान वितरण एवं सामाजिक जागरूकता अभियान के तहत तीनों इकाइयां क्रमश: नागरपुर मोहल्ला, भान नगर और खेतानों की बस्ती पहुंचीं। जहां स्वयंसेवकों द्वारा खिलौने, वस्त्र, स्टेशनरी व अध्ययन सामठी का वितरण किया गया। बस्ती एवं इसके आस-पास के क्षेत्र में श्रमदान गतिविधियां संचालित की गई तथा स्थानीय समुदाय को स्वच्छता एवं स्वच्छ परिवेश के महत्व से अवगत कराते हुए आवश्यक संदेश प्रदान किए गए। बच्चों एवं स्थानीय नागरिकों को धर्मनिरपेक्षता, अहिंसा तथा बाल-श्रम के विरुद्ध जागरूकता प्रदान की गई। समाज में समानता, भाईचारे और मानवीय संवेदनाओं के महत्व पर संवाद किया गया। इस जागरूकता अभियान ने बस्ती में सकारात्मक वातावरण उत्पन्न किया।

यह सत्र मुख्यत: दान एवं जागरूकता पर आधारित रहा। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने नशा-मुक्ति रैली निकाली। जिसमें नशे को त्यागें-स्वस्थ जीवन अपनाएं व स्वस्थ युवा-स्वस्थ भारत जैसे नारों के माध्यम से समाज को जागरूक किया गया। रैली के पश्चात महाविद्यालय परिसर में एनएसएस स्वयंसेवकों ने श्रमदान के दौरान पौधों की निराई-गुडाई, कटाई-छंटाई तथा परिसर की व्यापक साफ-सफाई की। साथ ही परिसर में फैले सूखे कचरे एवं प्लास्टिक अपशिष्ट को एकत्र कर उसका उचित निस्तारण किया गया। यह सत्र श्रमदान को समर्पित रहा। तृतीय सत्र में एक बौद्धिक परिचर्चा आयोजित हुई। जिसमें स्वयंसेवकों ने धर्मनिरपेक्षता का महत्व, सद्भावपूर्ण समाज,अहिंसा एवं गांधीवादी मूल्यों की प्रासंगिकता, राष्ट्रीय एकता व राष्ट्रिनर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत कर समाज में शांति, एकता एवं सद्भाव को मजबूत करने का संकल्प लिया। अंत में प्रतिवेदन व अनुभव-वाचन के पश्चात राष्ट्रीय गान के साथ शिविर का समापन हुआ। इस शिविर में तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी रमेश कुमार, डॉ. विकास मील व डॉ. आकांक्षा डूडी, बोनी व रवीन्द्र मौजूद रहे।

योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

झुंझुनूं । पतंजलि योग समिति के सानिध्य में पेंशन समाज भवन में रविवार सुबह भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने दीप प्रज्ज्वललन के साथ योग शिविर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार ने उपस्थित योग साधकों एवं सह योग शिक्षक बनने वाले साधकों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन योगाभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि आप सह योग शिक्षक का प्रशिक्षण प्राप्त करके अपनी अलग योग क्लास लगा सकते हैं एवं पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के सदस्य बन कर आने वाले समय में विश्व योग ऋषि स्वामी रामदेव जी के सानिध्य में मुख्य योग शिक्षक का प्रशिक्षण ले सकते हैं। इस अवसर शुभकरण चौधरी के अलावा रामनिवास जिनोलिया, सम्पत बारूपाल, संजय अठावाल, बनवारीसिंह राठौड, बजरंगसिंह शेखावत, जितेंद्र टीबड़ा, ओमप्रकाश मीणा, विनोद पुजारी, मनीराम खालिया, प्रेम पूनियां, मीना अठावाल, संतो